कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ]
Total No. of Questions : 18 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 10
[Total No. of Printed Pages : 10

CGBoardonline.com

# X-181100–C

## विषय : गणित
## Subject : Mathematics

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 75
[ Maximum Marks : 75

**नोट : सभी प्रश्नों को हल कीजिए।**
**Note : Attempt all questions.**

*निर्देश* : (*i*) कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति नहीं है। CGBoardonline.com
*Instructions* : Use of calculator is not permitted.

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड हैं। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) में सत्य/असत्य लिखिए दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

Question No. 1 is in three parts. In Part (A) Multiple choice questions, in Part (B) Fill in the blanks and in Part (C) Write true/false are given. Each question carries 1 mark.

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। CGBoardonline.com

Question Nos. 2 to 6 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks.

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।

Question Nos. 7 to 10 are very short answer type questions. Each question carries 3 marks.


CGBoardonline.com

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। CGBoardonline.com

Question Nos. 11 to 14 are short answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 4 marks.

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 15 एवं 16 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

Question Nos. 15 and 16 are short answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 5 marks.

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 17 एवं 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

Question Nos. 17 and 18 are long answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 6 marks.

---

प्रश्न-1 खण्ड-( अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : CGBoardonline.com

**Part-(A)** Choose and write the correct option :

(*i*) द्विघात समीकरण के मूल होते हैं :

(अ) 2

(ब) 1

(स) 0

(द) 3

The roots of the quadratic equation are :

(*a*) 2

(*b*) 1

(*c*) 0

(*d*) 3

CGBoardonline.com

(*ii*) $\sqrt{2}+1$ और $\sqrt{2}-1$ का समान्तर माध्य है :

(अ) 2 (ब) $2\sqrt{2}$

(स) $\sqrt{2}$ (द) $-\sqrt{2}$

Arithmetic mean of $\sqrt{2}+1$ and $\sqrt{2}-1$ is :

(*a*) 2 (*b*) $2\sqrt{2}$

(*c*) $\sqrt{2}$ (*d*) $-\sqrt{2}$

(*iii*) $(\sec^2\theta - 1)$ का मान है :

(अ) $\cos^2\theta$ (ब) $\text{cosec}^2\theta$

(स) $\tan^2\theta$ (द) $\cot^2\theta$

The value of $(\sec^2\theta - 1)$ is : CGBoardonline.com

(*a*) $\cos^2\theta$ (*b*) $\text{cosec}^2\theta$

(*c*) $\tan^2\theta$ (*d*) $\cot^2\theta$

(*iv*) यदि सावधि जमा खाता में ब्याज की गणना तिमाही आधार पर की जाती है, तो वार्षिक दर को लिया जाना चाहिए :

(अ) आधा (ब) एक-चौथाई

(स) तिगुना (द) दुगुना

If the interest calculation is done on quarterly basis in the fixed deposit account, then the annual rate should be taken :

(*a*) half (*b*) one-fourth

(*c*) three times (*d*) two times

(*v*) बिन्दु (2, –4) निर्देशांक समतल के किस चतुर्थांश में होगा ?

(अ) द्वितीय चतुर्थांश (ब) तृतीय चतुर्थांश

(स) प्रथम चतुर्थांश (द) चतुर्थ चतुर्थांश

In which quadrant, will the point (2, –4) lie on coordinate plane?

(*a*) Second quadrant (*b*) Third quadrant

(*c*) First quadrant (*d*) Fourth quadrant

**खण्ड-( ब )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : CGBoardonline.com

**Part-(B)** Fill in the blanks :

(*i*) $5x + 2$ और $3x - 2$ का योग —— होगा।

The sum of $5x + 2$ and $3x - 2$ will be ___.

(*ii*) समरूप बहुभुज की संगत भुजाएँ —— होती हैं।

The corresponding sides of the similar polygon are ___.

(*iii*) $x$-अक्ष पर स्थित किसी बिन्दु की कोटि —— होती है।

The ordinate of any point on the $x$-axis is ___.

(*iv*) शिक्षा उपकर —— राशि पर लगाई जाती है।

Educational cess is payable on ___.

(*v*) यदि एक वृत्त का व्यास 20 सेमी. है, तो उसकी त्रिज्या —— होगी।

If the diameter of a circle is 20 cm, then its radius will be ___.

**खण्ड-( स )** सत्य / असत्य लिखिए : CGBoardonline.com

**Part-(C)** Write true / false :

(*i*) एक घनाभ के आकाशीय विकर्णों की संख्या चार होती है।

The number of space diagonals of a cuboid is four.

(*ii*) वृत्त की छेदक रेखा वृत्त को तीन बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करती है।

The intersecting line of the circle intersects at three points.

(*iii*) $\sin 30^\circ$ का मान $\frac{\sqrt{3}}{2}$ होता है।

The value of $\sin 30^\circ$ is $\frac{\sqrt{3}}{2}$.

(*iv*) दो विषम संख्याओं का योग सदैव विषम संख्या होता है।

The sum of two odd numbers is always odd number.

(*v*) समीकरण $7x - 4y = P$ में $x = 3$ और $y = 4$ रखने पर $P$ का मान 5 है।

On putting $x = 3$ and $y = 4$ in the equation $7x - 4y = P$, then the value of $P$ is 5.

CGBoardonline.com

**प्रश्न-2** यदि बहुपद $p(x) = 3x^3 - 4x^2 + 17$ हो, तो $p(-1)$ तथा $p(0)$ का मान ज्ञात कीजिए।

If the polynomial $p(x) = 3x^3 - 4x^2 + 17$, then find the values of $p(-1)$ and $p(0)$.

CGBoardonline.com

**प्रश्न-3** यदि $x : 10 :: 15 : 25$ है, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।

If $x : 10 :: 15 : 25$, then find the value of $x$.

**प्रश्न-4** सरल रेखा $7x - 2y - 15 = 0$ की प्रवणता और $y$-अक्ष पर काटा गया अन्तःखण्ड ज्ञात कीजिए।

Find the slope of the straight line $7x - 2y - 15 = 0$ and intercept cut on the $y$-axis.

**प्रश्न-5** मान ज्ञात कीजिए :

$$\frac{2\cos 67^\circ}{\sin 23^\circ} + \cos 0^\circ$$

Find the value of

$$\frac{2\cos 67^\circ}{\sin 23^\circ} + \cos 0^\circ$$

CGBoardonline.com

**प्रश्न-6** आँकड़े 5, 7, 9, 11, 13, 15, 17, 19 का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए।

Find the arithmetic mean of the following data :

5, 7, 9, 11, 13, 15, 17, 19

**प्रश्न-7** वर्ग समीकरण बनाइए, जिसके मूल 4 और 4 हैं।

Construct a quadratic equation whose roots are 4 and 4.

**प्रश्न-8** श्रेणी 5 + 9 + 13 + 15 + ····· के 12 पदों तक योगफल ज्ञात कीजिए।

Find the sum of 12 terms of the series 5 + 9 + 13 + 15 + ·····.

**प्रश्न-9** एक बेलन का व्यास 12 सेमी. तथा ऊँचाई 14 सेमी. है, तो बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए।

The diameter of a cylinder is 12 cm and its height is 14 cm, then find the whole surface of the cylinder.

CGBoardonline.com

प्रश्न-10 सिद्ध कीजिए कि एक विषम संख्या का वर्ग एक विषम संख्या होती है।

Prove that the square of an odd number is an odd number.

प्रश्न-11 यदि एक शंकु के आधार का व्यास 14 सेमी. तथा ऊँचाई 24 सेमी. है, तो शंकु का संपूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल तथा आयतन ज्ञात कीजिए। CGBoardonline.com

If the diameter of base of a cone is 14 cm and height is 24 cm, then find the whole surface area and volume of the cone.

*अथवा*

*OR*

यदि गोले का व्यास 12 से.मी. है, तो गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन ज्ञात कीजिए।

If the diameter of a sphere is 12 cm, then find the surface area and volume of the sphere.

प्रश्न-12 निम्न सारिणी का बहुलक ज्ञात कीजिए :

| वर्गान्तर | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 | 50–60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 9 | 17 | 28 | 23 | 15 | 8 |

Find the mode of the following table :

| Class Interval | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 | 50–60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Frequency | 9 | 17 | 28 | 23 | 15 | 8 |

CGBoardonline.com

*अथवा*

*OR*

निम्न सारिणी की माध्यिका ज्ञात कीजिए :


| वर्गान्तर | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 | 50–60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 4 | 6 | 10 | 7 | 3 | 2 |

Find the median of the following table :


| Class Interval | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 | 50–60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Frequency | 4 | 6 | 10 | 7 | 3 | 2 |

CGBoardonline.com

**प्रश्न-13** चित्र में $O$ वृत्त का केन्द्र है एवं $PQ$ एक जीवा है। यदि $\angle PRQ = 50^\circ$ हो, तो $\angle OPQ$ का मान ज्ञात कीजिए। CGBoardonline.com




In figure, $O$ is centre of a circle and $PQ$ is a chord. If $\angle PRQ = 50^\circ$, then find the value of $\angle OPQ$.




*अथवा*

***OR***

CGBoardonline.com

$ABC$ एक त्रिभुज है, जिसमें $AD \perp BC$, सिद्ध कीजिए कि

$$AB^2 + CD^2 = BD^2 + AC^2$$

$ABC$ is a triangle in which $AD \perp BC$, prove that

$$AB^2 + CD^2 = BD^2 + AC^2$$

**प्रश्न-14** उस सरल रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए, जिसकी प्रवणता $\frac{10}{3}$ है तथा रेखा बिन्दु (0, 5) से होकर जाती है। CGBoardonline.com

Find the equation of straight line whose slope is $\frac{10}{3}$ and passes through the point (0, 5).

*अथवा*

***OR***

मूलधन 300 रुपये पर 5% वार्षिक ब्याज की दर से क्रमश: 1, 2, 3, 4 तथा 5 वर्ष के लिए साधारण ब्याज निम्न सारिणी में प्रदर्शित हैं : CGBoardonline.com

| समय (वर्ष में) | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| साधारण ब्याज (रुपये में) | 0 | 15 | 30 | 45 | 60 | 75 |

समय तथा साधारण ब्याज के बीच आलेख खींचिए।

The simple interests on principal ₹ 300 at the rate of 5% per annum for 1, 2, 3, 4 and 5 years respectively are shown in the following table :

| Time (in year) | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Simple Interest (in Rs.) | 0 | 15 | 30 | 45 | 60 | 75 |

Draw a graph between time and simple interest.

CGBoardonline.com

**प्रश्न-15** राम ने बैंक में सावधि जमा के रूप में 40,000 रुपये 1 वर्ष के लिए 10% वार्षिक ब्याज की दर से जमा किया। यदि ब्याज छ:माही संयोजित होता है, तो परिपक्वता के पश्चात राम को कितना धन प्राप्त होगा ?

Ram deposited ₹ 40,000 in Bank in fixed deposit account for 1 year at the rate of interest as 10% per annum. If the interest is calculated for six month, then how much amount will Ram receive after maturity?

*अथवा*

*OR.*

मोहन ने बैंक में 100 रुपये प्रतिमाह की दर से 5 वर्ष के लिए आवर्ती जमा खाता खोला। यदि ब्याज की दर 6% वार्षिक हो, तो 5 वर्ष पश्चात उसे कितनी धनराशि प्राप्त होगी ?

Mohan opened a recurring deposit account in a Bank for 5 years and deposited ₹ 100 every month. If the rate of interest is 6% per annum, then how much amount will he get after 5 years?

**प्रश्न-16** एक त्रिभुज $PQR$ की रचना कीजिए। साथ ही एक और $ABC$ त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसमें $AB = \frac{2}{3}PQ$ हो। CGBoardonline.com

Construct a triangle $PQR$. Also construct a triangle $ABC$ in which $AB = \frac{2}{3}PQ$.

**अथवा**

CGBoardonline.com

**OR**

$\Delta ABC$ के परिगत वृत्त की रचना कीजिए, जिसमें $BC = 6$ सेमी., $\angle B = 70^\circ$ तथा $AB = 5$ सेमी.। रचना के पद भी लिखिए।

Construct the circumcircle of a $\Delta ABC$ in which $BC = 6$ cm, $\angle B = 70^\circ$ and $AB = 5$ cm. Write steps of construction also.

**प्रश्न-17** समीकरण को हल कीजिए (आलेख विधि द्वारा) :

$4x - 5y = 20$ और $3x + 5y = 15$

Solve the equation (by graphical method) :

$4x - 5y = 20$ and $3x + 5y = 15$

**अथवा**

**OR**

CGBoardonline.com

यदि $a : b = c : d$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि

$$\frac{a^2 + c^2}{b^2 + d^2} = \frac{ac}{bd}$$

If $a : b = c : d$, then prove that

$$\frac{a^2 + c^2}{b^2 + d^2} = \frac{ac}{bd}$$

**प्रश्न-18** किसी मीनार के शिखर का धरातल के किसी बिन्दु से उन्नयन कोण $30^\circ$ है। यदि मीनार की दिशा में 20 मीटर चलने पर शिखर का उन्नयन कोण $45^\circ$ हो जाता है, तो मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

The angle of elevation of the top of a tower from a point on a ground level is $30^\circ$. If on walking 20 metres towards the tower the angle of elevation of the top becomes $45^\circ$, then find the height of the tower.

CGBoardonline.com

**अथवा**

**OR**

सिद्ध कीजिए कि

$$\frac{\sin\theta}{1+\cos\theta}+\frac{1+\cos\theta}{\sin\theta}=2\operatorname{cosec}\theta$$

Prove that

$$\frac{\sin\theta}{1+\cos\theta}+\frac{1+\cos\theta}{\sin\theta}=2\operatorname{cosec}\theta$$

CGBoardonline.com

..............